देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 16 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
कांग्रेस में तीखी प्रतिक्रिया



देहरादून, शनिवार, 13 अप्रैल 2024

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 22.0°

74244.9

2 कार्रवाई की तो मिलेगा करारा जवाब

7 कोहली ने कान पकड़कर मांगी माफी

# जल्द मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा

## पीएम मोदी ने दी जम्मू कश्मीर की जनता को गारंटी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

उधमपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव से पहले उधमपुर की आवाम को गारंटी दी है कि जल्द ही जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस मिलेगा और विधानसभा चुनाव होंगे। पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, वह समय दूर नहीं जब जम्मू–कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव होंगे। जम्मू–कश्मीर को अपना राज्य का दर्जा वापस मिलेगा। आप अपने सपनों को अपने विधायकों, अपने मंत्रियों के साथ साझा कर सकेंगे।

जम्मू और कश्मीर राज्य को अक्टूबर 2019 में एक केंद्र शासित प्रदेश में पुनर्गठित किया गया था। इसी साल जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत अनुच्छेद 370 को निरस्त किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपनी रैली के दौरान ये भी कहा कि आम चुनाव सिर्फ एक संसद सदस्य को चुनने के लिए नहीं है, बल्कि देश में मजबूत सरकार बनाने के लिए भी है। पीएम मोदी ने उधमपुर के मोदी मैदान में लोगों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर में विकास कार्यों को गिनाते हुए कांग्रेस समेत कई पार्टियों पर निशाना साधा और राम मंदिर का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री मोदी की उधमपुर में यह रैली बीते 10 वर्ष में तीसरी रैली थी, लेकिन चुनावी रैली के आधार पर यह दूसरी चुनावी रैली आयोजित हुई। उन्होंने उधमपुर में पहली चुनावी रैली 28 नवंबर 2014 को बट्टलवालियां स्थित मैदान में की थी। अब इस मैदान को मोदी मैदान कहा जाता है।

जम्मू हो या कश्मीर अब यहां रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आने लगे हैं। ये सपना यहां की अनेक पीढ़ियों ने देखा है और मैं आपको गारंटी देता हूं कि – आपका सपना, मोदी का संकल्प है। आपके सपनों को पूरा करने के लिए हर पल आपके नाम, देश के नाम।

पीएम मोदी ने कहा कि अब यहां स्कूल नहीं जलाए जाते, बल्कि स्कूल सजाए जाते हैं। अब यहां एम्स बन रहे हैं, आईआईटी बन रहे हैं, आईआईएम बन रहे हैं। अब आधुनिक टनल, आधुनिक चौड़ी सड़कें, शानदार रेल का सफर जम्मू कश्मीर की तकदीर बन रहे हैं।

### जम्मू–कश्मीर में होंगे विधानसभा चुनाव

पीएम ने कहा जब जम्मू–कश्मीर मे भी विधानसभा चुनाव होंगे। जम्मू–कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा मिलेगा। अब तक जो हुआ वो ट्रेलर, मुझे तो नए जम्मू कश्मीर की नए और शानदार तस्वीर बनने में जुट जाना है।



### 10 साल में जम्मू–कश्मीर बदल गया है

पीएम मोदी ने कहा कि 10 साल के अंदर–अंदर जम्मू कश्मीर पूरी तरह बदल चुका है। सड़क, बिजली, पानी, यात्रा, प्रवास ये सब तो है ही। लेकिन सबसे बड़ी बात है, जम्मू कश्मीर का मन बदला है। निराशा से आशा की ओर बढ़े हैं, जीवन पूरी तरह विश्वास से भरा हुआ है। इतना विकास यहां हुआ है, चारों तरफ विकास हो रहा है।

### आपके आशीर्वाद से हटी धारा 370

पीएम मोदी ने कहा कि सत्ता के लिए, उन्होंने जम्मू–कश्मीर में 370 की दीवार बनाई थी... आपके आशीर्वाद के कारण, मोदी ने धारा 370 की दीवार को ध्वस्त कर दिया। मैं भारत के किसी भी राजनीतिक दल, विशेषकर कांग्रेस को चुनौती देता हूं कि वे घोषणा करें कि वे अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे। यह देश उनकी ओर देखेगा भी नहीं। ये कहते थे कि 370 हटी तो आग लग जाएगी, जम्मू कश्मीर हमें छोड़कर चला जाएगा। लेकिन जम्मू कश्मीर के नौजवानों ने इनको आईना दिखा दिया। अब जम्मू कश्मीर के लोग उनकी असलियत जान गए, तो ये लोग अब बाहर देश के लोगों के बीच भ्रम फैलाने का खेल, खेल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी से पहले व्यापारी...अब गुंडे कर रहे पलायन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मुरादाबाद। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुरादाबाद में कहा कि पश्चिमी यूपी में पहले डर का माहौल था। कारोबारी अपनी जमीन, दुकान और मकान छोड़कर पलायन करने को मजबूर थे। अब योगी सरकार में यहां से गुंडे और माफिया पलायन कर रहे हैं। व्यापारी अपना व्यापार कर रहे हैं और महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

### दोनों आरोपियों को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बंगलूरू के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में शुक्रवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। एजेंसी ने साजिश के मास्टरमाइंड समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एनआईए के मुताबिक, मुसाविर हुसैन शाजिब और अदबुल मथीन अहमद ताहा को कोलकाता के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों यहां अपना ठिकाना बनाकर छिपे हुए थे।

# इजरायल और ईरान की न करें यात्रा

## भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी की ट्रैवल एडवाइजरी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। ईरान और इजरायल के बीच जारी मौजूदा तनाव को लेकर भारत ने अपने नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए, सभी भारतीयों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक ईरान या इजरायल की यात्रा न करें।

ईरान और इजरायल में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी भारतीयों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक ईरान या फिर इजरायल की यात्रा न करें। जो लोग वर्तमान में ईरान या इजरायल में रह रहे हैं, उनसे अनुरोध है कि वे वहां भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। उनसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी सुरक्षा के बारे में अत्यधिक सावधानी बरतें और अपनी गतिविधियों को न्यूनतम तक सीमित रखें।

मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजरायल में रहने वाले भारतीयों से अनुरोध है कि वे अपनी सुरक्षा के बारे में अत्यधिक सावधानी बरतें और आवाजाही को न्यूनतम तक सीमित रखें।

मालूम हो कि दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हवाई हमले के बाद ईरान ने इजरायल पर बदला लेने की कसम खाई है। वहीं, ईरान द्वारा बदला लेने के इस संकल्प पर इजरायल ने अपनी सुरक्षा बढ़ा दी है। सैन्यकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और उन्हें अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है।

### दूतावास से करें संपर्कः विदेश मंत्रालय



भारत ने इजरायल और ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों से कहा है कि सभी वहां भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में सभी भारतीय नागरिकों से सुरक्षा के बारे में सावधानी बरतने के लिए कहा गया है।

# अंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव के समय संविधान के नाम पर झूठ बोलना कांग्रेस की ओर इंडी गठबंधन का फैशन बन गया है। पीएम ने कहा, जहां तक संविधान का सवाल है आज बाबा साहब अंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते हैं। हमारा संविधान सरकार के लिए गीता, रामायण, बाइबल और कुरान है।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब को जीते जी चुनाव हराया। जिसने बाबा साहब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया, वो कांग्रेस जिसने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की। आज वो मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ की आड़ ले रही है। पीएम ने कहा, मोदी जिसने देश में पहली बार संविधान दिवस मनाना शुरू किया था, कांग्रेस वालों ने इसका विरोध किया था। संसद में इनके भाषण हैं। ये मोदी है जिसने बाबा साहब से जुड़े पंच तीर्थ का विकास किया, इसलिए इनकी गपबाजी से सावधान रहने की जरूरत है।

इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि इनके घोषणा पत्र नफरत से भरे हुए हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप नजर आती है। इंडी गठबंधन के दल देश में परमाणु हथियार खत्म करना चाहते हैं।

### चुनावी हुंकार

■विपक्ष पर भड़के पीएम मोदी

### राहुल पर निशाना साधा

मोदी ने कहा,कांग्रेस हर उस काम का विरोध करती है है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा,हमशक्ति की उपासना करते हैं,लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि वो हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे। इस शक्ति को नष्ट करने वालों को माताएं–बहनें ही निपटा देंगी। कांग्रेस राम मंदिर का बहिष्कार करती है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# 10 महीने के निचले स्तर पर खुदरा महंगाई

## 5.09 प्रतिशत से घट कर मार्च में 4.85 प्रतिशत पर पहुंची

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। मार्च महीने के दौरान खुदरा महंगाई में गिरावट आई है। खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.85 प्रतिशत पर रही जो इससे पहले फरवरी महीने में 5.09 प्रतिशत थी। यह 10 महीने के निचले स्तर पर है। सीपीआई पर आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 5.09 प्रतिशत थी जबकि मार्च, 2023 में यह 5.66 प्रतिशत पर रही थी। इसके पहले अक्टूबर, 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी।

एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक मार्च में खाद्य उत्पादों की महंगाई दर 8.52 प्रतिशत रही जबकि एक महीने पहले फरवरी में यह 8.66 प्रतिशत थी। बता दें कि सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर सीमित रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति नीतिगत दरों पर फैसला करते हुए खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों को ही ध्यान में रखती है।

केंद्रीय रिजर्व बैंक ने इस साल सामान्य मॉनसून की उम्मीद जताते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

## न्यूज डायरी



### भारतीय पर्यटकों के बायकॉट के बाद घुटनों पर आया मुइज्जू का मालदीव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। भारतीय पर्यटकों के बायकॉट के बाद मालदीव के टूरिज्म इंडस्ट्री की हालत खराब है, जिसके चलते द्वीपीय देश के टूरिज्म और ट्रैवल एसोसिएशन ने मालदीव की टूरिज्म इंडस्ट्री को बचाने के लिए भारत से गुहार लगाई है। मालदीव एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल एजेंट्स एंड टूर ऑपरेटर्स ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर से मुलाकात की। एसोसिएशन ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उच्चायोग के साथ मिलकर सहयोग करने का इरादा जताया। एसोसिएशन की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि मालदीव में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्रमुख शहरों में एक व्यापक रोड शो शुरू करने और आगामी महीनों में मालदीव में प्रभावशाली व्यक्तियों और मीडिया परिचित यात्राओं की सुविधा प्रदान करने की योजना पर काम चल रहा है। मालदीव टूरिज्म इंडस्ट्री को उस समय बड़ा झटका लगा था, जब जनवरी में लक्षद्वीप को पर्यटन स्थल के रूप में पेश किए जाने के बाद मालदीव के तीन मंत्रियों ने पीएम मोदी के ऊपर अमर्यादित टिप्पणी की।

### चीन को लेकर पीएम मोदी के बयान से उछल पड़ा ग्लोबल टाइम्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका की पत्रिका न्यूजवीक को दिए इंटरव्यू के बाद से चीन का सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स खुश हो गया है और एक के बाद एक कई लेख लिखकर उनकी तारीफ कर रहा है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री का भारत-चीन संबंधों पर सीधा दुर्लभ बयान लोगों का ध्यान खींच रहा है। इस बयान में पीएम मोदी ने कहा था कि भारत चीन के बीच विवादित सीमा पर लंबे समय से चले आ रहे हालात को सामान्य बनाने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। पीएम मोदी ने चीन के साथ रिश्तों में स्थिर और शांतिपूर्ण संबंधों पर जोर दिया था जो पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है। ग्लोबल टाइम्स ने अपने संपादकीय में कहा कि पीएम मोदी का बयान उनके नरम होते रुख को दर्शाता है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि भारत के अधिकारी अक्सर कभी सख्त तो कभी नरम रुख अपनाते रहते हैं लेकिन इस बात पीएम मोदी का सीधा बयान पूरी स्थिति को स्पष्ट करता है। यह अपने आप में दुर्लभ है और सोच समझकर दिया गया है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि पीएम मोदी ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब अमेरिका के पक्षपातपूर्ण रवैये की वजह से भारत और चीन के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। ऐसे में इसे ज्यादा तवज्जो दिए जाने की जरूरत है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि पीएम मोदी के बयान ने भारत चीन संबंधों को लेकर बहुत ही सकारात्मक संकेत दिया है।

### यूएई ने जेल में बंद पाकिस्तानियों को बड़ी राहत दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। ईद-उल-फितर और रमजान के पवित्र महीने के अंत में यूएई ने 275 पाकिस्तानियों को वापस भेज दिया है। दरअसल यह पाकिस्तानी यूएई की जेलों में बंद थे, जिन्हें अब रिहा कर दिया गया है। इनकी रिहाई इस कारण की गई है, ताकि ये लोग अपने परिवार के साथ पाकिस्तान में ईद मना सकें। पाकिस्तान एसोसिएशन दुबई ने स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ साझेदारी में कैदियों की इस वापसी को संभव बनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक अबू धाबी में पाकिस्तानी दूतावास में कम्युनिटी वेलफेयर अताशे समीउल्लाह खान ने कहा कि रमजान के दौरान संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी में 100 से ज्यादा लोगों को रिहा किया गया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, जिन लोगों के पास पासपोर्ट और अन्य यात्रा दस्तावेज हैं, वे देश छोड़ चुके हैं, जिनके पास जरूरी डॉक्यूमेंट नहीं हैं वो अभी नहीं लौट सके हैं। दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। ज्यादातर कैदियों को अजमान और शारजाह और फिर बचे हुए को अन्य उत्तरी अमीरात से रिहा कर दिया गया। 95 फीसदी से ज्यादा पाकिस्तानी वापस अपने देश लौटे हैं। जो लोग छोटे-मोटे अपराधों के लिए सलाखों के पीछे होते हैं, उन्हें आम तौर पर पवित्र महीने के दौरान माफ कर दिया जाता है। 2600 कैदियों को यूएई ने पवित्र महीने के दौरान रिहा किया है।

# ईरान ने हमारे क्षेत्र पर कार्रवाई की तो मिलेगा करारा जवाब

**तनाव**

## इजरायल के रक्षा मंत्री बोले- हम हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



यरुशलम। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर अमेरिका दोनों देशों को शांत करने में लगा है। ईरान को शांत करने के लिए अमेरिका ने चीन और मिस्र जैसे देशों से बात की है। वहीं, इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से फोन पर बातचीत के दौरान कहा कि अगर ईरान उनके देश के क्षेत्र पर हमला करता है तो उचित प्रतिक्रिया देंगे।

बातचीत के दौरान, गैलेंट ने इजरायली तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया और इस बात पर जोर दिया कि इजरायल अपने क्षेत्र पर ईरानी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा। पिछले सप्ताह में यह दूसरी बार था जब दोनों अधिकारियों के बीच बातचीत हुई। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने आकलन किया है कि एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हवाई हमले में सात ईरानियों की हत्या के जवाब में ईरान जल्द ही जवाबी हमला शुरू कर सकता है।

स्थानीय सूत्रों ने मीडिया को बताया कि इजरायली बलों ने मध्य गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर के आसपास दो दिनों तक गहन बमबारी की है, जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि इजरायली सेना ने भारी गोलीबारी की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नुसीरात शिविर के उत्तर में ऑपरेशन किया गया। इसके अलावा, इजरायली विमानों ने शिविर के पश्चिम और उत्तर में स्थित दो मस्जिदों के साथ-साथ कई आवासीय टावरों पर भी बमबारी की।

इजरायली तोपों ने शिविर के बाहरी इलाके में घरों, अपार्टमेंटों और कृषि भूमि को निशाना बनाकर कई गोले दागे। सूत्रों ने कहा कि बमबारी के परिणामस्वरूप कम से कम पांच फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए, नुसीरात के बाहरी इलाके में फिलिस्तीनी आतंकवादी और इजरायली सेना के बीच भीषण लड़ाई जारी है। इजरायल रक्षा बलों ने घोषणा की कि इजरायली सैनिकों ने इन क्षेत्रों में सैन्य अभियान शुरू कर दिया है।

इजरायल को डराने के लिए आईआरजीसी से जुड़े सोशल मीडिया हैंडल भी एक्टिव हो गए हैं। उन्होंने हाल के घंटों में ईरान के उत्तर में हाइफा एयरपोर्ट और दक्षिण में इसकी न्यूक्लियर फैसिलिटी डिमोना में हमले से जुड़ा एक सिमुलेटेड वीडियो पोस्ट दिया। हालांकि ईरान को इजरायल की ओर से होने वाली कड़ी कार्रवाई की भी चिंता है। इसके मुताबिक हमला उल्टा पड़ सकता है। इजरायल ईरानी मिसाइलों को ट्रैक कर उन्हें हवा में ही ध्वस्त कर सकता है। इसके बाद वह ईरान के बुनियादी ढांचों पर जवाबी कार्रवाई करेगा।

## ब्रिटेन में फैमिली वीजा के लिए लागू की गई उच्च वेतन सीमा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन ने परिवार अथवा रिश्तेदारों को फैमिली वीजा पर देश में लाने के इच्छुक नागरिकों के लिए आवश्यक न्यूनतम आय में बढ़ोत्तरी कर दी। सरकार के फैसले का लाभ भारतवंशियों को भी मिलेगा। सरकार ने वेतन में 55 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की और अब इन लोगों का वेतन 18,600 पाउंड से बढ़कर 29 हजार पाउंड हो जाएगा।

बता दें कि ब्रिटेन सरकार प्रवासन की संख्या कम करने के काफी प्रयास कर रही है। इस कारण सरकार ने इस साल की शुरुआत से वीजा नियमों को भी सख्त कर दिया है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कानूनी प्रवासन को कम करने और यहां आने वाले लोगों से करदाता पर पड़ने वाले बोझ को खत्म करने के लिए उठाया है।

गृह मंत्री क्लेवरली ने कहा कि हमारे देश में बड़ी संख्या में प्रवासन हो रहा है और इसे कम करने का कोई आसान हल नहीं है। मैंने कार्रवाई का वादा किया था और हमने उल्लेखनीय गति से काम पूरा किया। हमने प्रवासन में अस्थिर संख्या में कटौती करने, ब्रिटिश श्रमिकों और उनके वेतन की रक्षा करने और भविष्य के लिए उपयुक्त आव्रजन प्रणाली बनाने के लिए यह काम किया है।



## अब मोदी से मिलेंगे एलन मस्क, तिलमिलाया ग्लोबल टाइम्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। दुनिया की फैक्ट्री कहा जाने वाला चीन अब विश्वभर में दादागिरी दिखाने लगा है। यही नहीं चीन जापान, ताइवान और फिलीपीन्स को लेकर अमेरिका तक को आंखें दिखाने लगा है। पूर्वी चीन सागर से लेकर दक्षिण चीन सागर तक में चीनी युद्धपोत लगातार आक्रामक लाइव फायर ड्रिल करके अपने पड़ोसियों को डरा रहे हैं। चीन की इन हरकतों का करारा जवाब देने के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। ताइवान की चिप और आईफोन बनाने वाली कंपनियों के भारत आने के बाद अब अमेरिकी अरबपति एलन मस्क भी भारत की ओर रुख कर रहे हैं। मस्क के भारत आने के ऐलान मात्र से चीन का ग्लोबल टाइम्स बौखला गया है।

# जो हमें नुकसान पहुंचाएगा हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- गाजा से बुलाए गए इजरायली सैनिक

यरुशलम। इजरायल गाजा में युद्ध लड़ रहा है, साथ ही अन्य क्षेत्रों में ऐसी ही स्थितियों के लिए तैयारी कर रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यह बात ईरान के इजरायल पर हमले की चर्चाओं के बीच कही है।

सीरिया की राजधानी दमिश्क में स्थित ईरानी दूतावास पर हमले का बदला लेने के लिए ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई और अन्य नेताओं ने इजरायल को दंडित करने की बात कही है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजरायल पर ईरान का हमला होने की स्थिति में वह इजरायल की सुरक्षा के लिए सब कुछ करेंगे।

नेतन्याहू ने कहा, जो हमें नुकसान पहुंचाएगा-हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे। हम इजरायल के लिए सभी तरह की सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में लगे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री ने यह बात तेल नोफ वायुसेना अड्डे का दौरा करने के बाद कही है। एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमले में ईरान सेना के वरिष्ठ जनरल समेत ईरान के सात अधिकारी मारे गए थे। इस हमले का शक इजरायल पर है। इसके बाद ईरान ने इजरायल को दंडित करने का एलान किया है। इजरायली सेना ने गाजा के विभिन्न क्षेत्रों से अपने ज्यादातर सैनिकों को बुला लिया है और अब वह पट्टी के मिस्र की सीमा पर बसे शहर रफाह पर हमले की तैयारी में है। रफाह में करीब 14 लाख बेघर फलस्तीनियों ने शरण ले रखी है। भारी खूनखराबे की आशंका से अमेरिका और अन्य सहयोगी देश इजरायल को वहां पर कार्रवाई से रोक रहे हैं। वैसे गाजा में इजरायल के हमले जारी हैं। विभिन्न इलाकों में किए गए हमलों में 62 लोग मारे गए और 45 घायल हुए। इसी के साथ इजरायली हमलों में गाजा पट्टी में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 33,545 हो गई है।

### पाकिस्तान को क्यों बर्दाश्त कर रहा अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अमेरिका इन दिनों पाकिस्तान को लेकर क्या सोच रहा है? उसका प्लान क्या है? इस सवाल का जवाब है महत्वपूर्ण, लेकिन इसकी वजहें बहुत गलत हैं। पाकिस्तान पर अमेरिका की नजर बनी हुई है क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था ढह रही है। आबादी का बड़ा हिस्सा कट्टरपंथी है। अफगानिस्तान के साथ उसका सीमा विवाद चल रहा है। आतंकवादी संगठन मजबूत बने हुए हैं और पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार भी हैं। दक्षिण और मध्य एशिया के लिए विदेश विभाग के प्रमुख अधिकारी डॉनल्ड लू ने पिछले हफ्ते सदन की उपसमिति की सुनवाई में कहा, पाकिस्तान के साथ हमारे गहरे राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई। अमेरिका के लिए पाकिस्तान की राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता महत्वपूर्ण है।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# बूथों में मतदाताओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो

**निर्देश**

## मॉडल बूथों पर की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर बैठक

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में मतदाताओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए जनपद की दोनों विधान सभाओं में 07 मॉडल बूथ बनाए जा रहे हैं जिसमें महिला मॉडल बूथ, दिव्यांग बूथ, यूनिक बूथ एवं यूथ बूथ शामिल हैं। मॉडल बूथों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु की जाने वाली तैयारियों के संबंध में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर समय से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने जनपद की दोनों विधान सभाओं में बनाए जाने वाले मॉडल बूथों हेतु की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों में



अनुपालन में एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जनपद की दोनों विधान सभाओं में कुल 07 मॉडल बूथ बनाए जा रहे हैं जिसमें विधान सभा केदारनाथ में 04 तथा विधान सभा रुद्रप्रयाग में 03 बूथ बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को इन बूथों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों इसके लिए सभी व्यवस्थाएं एवं तैयारियां समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि विधान सभा 07–केदारनाथ में राजकीय प्राथमिक विधालय तोषी यूथ मैनेज पोलिंग स्टेशन, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भवन गौंडार में यूनिक पोलिंग स्टेशन, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि में महिला पोलिंग स्टेशन, राजकीय इंटर कॉलेज भवन अगस्त्यमुनि में दिव्यांग मैनेज पोलिंग स्टेशन तथा विधान सभा 08–रुद्रप्रयाग में राजकीय इंटर कॉलेज रामाश्रम, जखोली में यूथ मैनेज पोलिंग स्टेशन, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भीरी में दिव्यांग मैनेज पोलिंग स्टेशन, श्री 108 स्वामी सच्चिदानंद राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग पश्चिमी भाग में महिला मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन मॉडल बूथों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आने वाले मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां समय से सुनिश्चित कर ली जाएं ताकि मतदाताओं को सुखद एहसास हो इसके लिए सभी बूथों को आकर्षित ढंग से तैयार किया जाए।

बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र कुमार बिष्ट, लीड बैंक अधिकारी चतर सिंह, डॉ. आरएस पाल, डॉ. बीके यादव, वीरेंद्र कठैत, सुमित आर्य, अनिल सिंह, मनोज सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### सभी अधिकारी अपनी–अपनी व्यवस्थाएं एवं तैयारियां समय से पूर्ण कर लें: डीएम

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। वर्ष 2024 की श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा यात्रा मार्ग एवं केदारनाथ धाम में जो भी व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी हैं उसके लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जिला कार्यालय सभागार में यात्रा से जुड़े सभी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर सभी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को यात्रा शुरू होने से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता एवं विलंब नहीं होना चाहिए। आयोजित बैठक की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने केदारनाथ में संचालित होने वाली हैली सेवा के संबंध में नोडल अधिकारी हैली को निर्देश दिए हैं कि हैली सेवा के संचालन में जो भी ऑपरेटरों एवं कंपनियां कार्य कर रही हैं उनके लिए अनिवार्य रूप से एसओपी जारी की जाए।

### संस्थान ने एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया

**संवाददाता** हल्द्वानी। ईकोपाथ संस्था और पैट केयर क्लीनिक के सहयोग से हल्द्वानी के हीरानगर क्षेत्र में लावारिस पशुओं के लिए एंटी रैबीज टीकाकरण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान त्वचा संबंधी रोगों से ग्रसित पशुओं का उपचार भी किया गया। पैट केयर क्लीनिक के एमडी डॉ. अनुज अग्रवाल पशुपालकों से पशुओं में फैलने वाले संक्रामक रोगों के बारे में भी चर्चा की। भयावह रूप ले रहे कैनाइन डिस्टेंपर वायरस से होने वाली गंभीर बीमारियों के लक्षण और बचाव की उन्हें विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान में डॉ. संजीव आर्य, प्रवीण, मंजु, आशुतोष आदि ने सहयोग दिया।

### भवाली में कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना

**संवाददाता** भवाली। नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश मेहरा ने शुक्रवार को भवाली में रोड शो किया। नगर के घोड़ाखाल रोड़ से शुरू हुआ रोड शो रानीखेत रोड़ तक पहुंचा। चौराहे पर जन सभा आयोजित की गई। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा दूसरे लोगों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाती रही है, जबकि हकीकत इससे उलट है। कहा मेरे खिलाफ भाजपा के अजय भट्ट ने शिकायत की है। लेकिन सच बात यह है कि वह अपनी गलतियां पचा नही पा रहे हैं। हमारे पास सभी सुबूत है। उन्होंने चुनावी बांड को लेकर भाजपा पर निशाना साधा और इसे सबसे बड़ा घोटाला बताया। कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने बीते सालो में लोकसभा में कभी क्षेत्रीय जनता की आवाज नहीं उठाई। कहा कि प्रदेश सरकार ने रामगढ़, भवाली, मुक्तेश्वर में पहाड़ के लिए ऐसा क्या किया है, जिसके आधार पर वह यहां जनता से वोट मांग रहे हैं।

## 584 स्वयंसेवी करेंगे दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं की मदद

**संवाददाता** चमोली। चमोली जिले में मतदान दिवस पर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं की सुविधा के लिये जहां सक्षम अभियान के तहत विभिन्न व्यवस्था की गई हैं। वहीं जिला निर्वाचन विभाग की ओर से मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं की मदद के लिये 584 स्वयं सेवियों नियुक्त कर दिए हैं।

दिव्यांग मतदाता के नोडल अधिकारी धनंजय सिंह लिंगवाल ने बताया कि चमोली के सभी मतदाता केन्द्रों पर एनएसएस, रोवर रैंजर्स, युवक मंगल दल के स्वयं सेवीयों के साथ ही एनसीसी कैडेट्स की स्वयं सेवी के रुप में तैनाती की गई है। केन्द्रों पर तैनात स्वयं सेवी दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को आवाजाही में मदद और आयोग की ओर से प्रदत्त सुविधाओं का लाभ दिलवाने का कार्य करेंगे। बताया कि जिले के देवाल, नारायणबगड़, पोखरी, थराली, गैरसैंण, कर्णप्रयाग, नंदानगर, दशोली एवं जोशीमठ विकासखंडों में नियुक्त मतदान स्वयं सेवियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत का महत्व है। जिसके चलते प्रशासन की ओर से शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ ही दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को आयोग की ओर से सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। जिले में स्वीप की टीम ने शुक्रवार को थराली विधानसभा के मानुरा गांव के ग्रामीणों से वार्ता कर मतदान के लिये प्रेरित किया।



## डीएम ने चुनाव को लेकर बूथों का किया निरीक्षण

**संवाददाता** चमोली। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को गोपेश्वर नगर क्षेत्र के मतदान केंद्रों और पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर सामान्य सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, रैंप का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों पर साफ सफाई और आवश्यक जानकारी हेतु साइनेज लगाए जाए। वोटिंग के दिन मतदाताओं के लिए बैठने का उचित प्रबंध किया जाए। वोटर स्लिप का शत प्रतिशत वितरण करते हुए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करें। इस दौरान उन्होंने रामचंद्र भट्ट सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, आदर्श प्रा.वि. गोपेश्वर, आदर्श प्रा.वि. पपडियाणा, मॉडल बूथ अल्कापुरी का निरीक्षण किया। बीएलओ ने बताया कि इन छह बूथों पर 4670 मतदाता पंजीकृत है।

# वेबकास्टिंग कार्मिकों ने पोलिंग बूथों पर जाकर की वेबकास्टिंग की ट्रायल

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु जनपद की दोनों विधान सभाओं में मतदान केंद्रों में की जाने वाली वेबकास्टिंग के लिए संबंधित वेबकास्टिंग कार्मिकों द्वारा अपने पोलिंग बूथों पर जाकर वेबकास्टिंग की ट्रायल की गई।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु सभी तैयारियां त्वरित गति से की जा रही हैं। जनपद की दोनों विधान सभाओं के 181 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की जानी है जिसके सफल संचालन



एवं निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया संपादित कराए जाने के लिए वेबकास्टिंग हेतु तैनात किए गए कार्मिकों को आज उनके पोलिंग बूथों पर भेजकर वेबकास्टिंग का ट्रायल किया जिसका कंट्रोल रूम से संबंधित अधिकारियों की मॉनीटरिंग की गई।


नोडल अधिकारी वेबकास्टिंग खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट ने अवगत कराया है कि जनपद की दोनों विधान सभाओं में की जाने वाली वेबकास्टिंग हेतु संबंधित कर्मचारियों को उनके बूथों पर वेबकास्टिंग के सफल संचालन हेतु ट्रायल किया जा रहा है जिसकी मॉनीटरिंग आपदा प्रबंधन कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से की जा रही है। उन्होंने सभी वेबकास्टिंग कर्मचारियों को उपयुक्त स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए ट्रायल किया गया जिससे कि निर्वाचन प्रक्रिया के संपादन का संपूर्ण मतदान केंद्र की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सके ताकि सभी पोलिंग बूथों की कंट्रोल रूम से ठीक ढंग से मॉनीटरिंग की जा सके।

इस अवसर पर दोनों विधान सभाओं में तैनात किए गए वेबकास्टिंग कार्मिक मौजूद रहे।

## मेला क्षेत्र में पुलिस फोर्स की तैनाती, एसएसपी ने दिए दिशा निर्देश

**संवाददाता** हरिद्वार। शुक्रवार को ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज कैंपस सभागार में पुलिस बल की ब्रीफिंग हुई। एसएसपी प्रमेंद सिंह डोबाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस महकमा तैयारियों में जुटा है। ऐसे में स्नान पर्व भी सकुशल संपन्न कराना चुनौती से कम नहीं है। पुलिस बल आपस में समन्वय बनाकर स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराए। हर पुलिसकर्मी को यातायात प्लान की जानकारी होनी चाहिए। जिससे रूट डायवर्जन में दिक्कत न हो। देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ शालीनता का व्यवहार करें। मनसा देवी और चंडी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर सजग रहें, जिससे भगदड़ की स्थिति पैदा न हो।

*सत्य की इक्छा होती है कि सभी उसे जान ले और असत्य को हमेशा भय रहता है कि कोई उसे पहचान न ले। –अज्ञात*



विचार-प्रवाह देहरादून, शनिवार, 13 अप्रैल 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# कांग्रेस में तीखी प्रतिक्रिया

**कांग्रेस के लिए यह कठिन स्थिति इसलिए भी है कि इससे कार्यकर्ताओं में यह संदेश जा सकता है कि पार्टी अपनी जमीन बचाने को लेकर गंभीर नहीं है। विपक्षी गठबंधन की सीट संख्या बढ़ाने के घोषित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए देखें तो कांग्रेस नेतृत्व का कथित नरम रुख असंगत नहीं लगता।**

गुलशन राय खत्री।।

महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर लंबी बातचीत के बाद भी किसी नतीजे पर पहुंचे बगैर जिस तरह से शिवसेना ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी और प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी ने बातचीत समाप्त करते हुए अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी, वह विपक्षी दलों के एकजुटता प्रयासों पर सख्त टिप्पणी है। इस तरह के एकतरफा फैसले बताते हैं कि विपक्षी दलों ने देशव्यापी गठबंधन इंडिया की घोषणा भले कर दी हो, उनमें आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाने का कोई कारगर मैकेनिज्म डिवेलप नहीं हो पाया है। इससे वोटरों के एक हिस्से के मन में बैठे इस संदेह को भी ताकत मिलती है कि जब ये दल चुनाव से पहले कोई तालमेल नहीं बना पा रहे तो बहुमत मिलने के बाद पांच साल सरकार कैसे चलाएंगे।

हालांकि चाहे बात मुंबई की हो या सांगली की, दोनों जगह शिवसेना के इस कदम से कांग्रेस ही प्रभावित हो रही दिखती है। सांगली पारंपरिक तौर पर कांग्रेस की सीट रही है। वहां आजादी के बाद से 2014 तक कांग्रेस ही जीतती रही है। वह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वसंत दादा पाटिल की सीट रही है। इस बार उनके पोते विशाल पाटिल को कांग्रेस का टिकट दिए जाने की चर्चा थी।



मुंबई कांग्रेस की मौजूदा अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम दोनों इस स्थिति से नाराज बताए जाते हैं। निरुपम ने तो अल्टिमेटम देते हुए यहां तक कह दिया है कि अगर पार्टी नेतृत्व इस मसले पर कोई स्टैंड नहीं लेता तो उनके सभी विकल्प खुले हैं।

कांग्रेस के लिए यह कठिन स्थिति इसलिए भी है कि इससे कार्यकर्ताओं में यह संदेश जा सकता है कि पार्टी अपनी जमीन बचाने को लेकर गंभीर नहीं है। लेकिन ज्यादा सीटों पर लड़ने के बजाय विपक्षी गठबंधन की सीट संख्या बढ़ाने के घोषित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए देखें तो कांग्रेस नेतृत्व का कथित नरम रुख असंगत नहीं लगता। मुंबई की ये सीटें पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में पार्टी हार चुकी है।

दूसरी तरफ शिवसेना के सामने पिछले चुनाव में अविभाजित पार्टी की जीती तमाम सीटें बचाने की चुनौती है। संभवतरू यही वजह है कि कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर कड़ा बयान जारी नहीं किया है। वंचित बहुजन आघाड़ी का बाहर निकलना जरूर विपक्षी गठबंधन के लिए एक झटका है। वह भले ज्यादा सीटें न निकाल पाए लेकिन कई सीटों पर फैसले को प्रभावित करने की स्थिति में है। कुल मिलाकर देखें तो इंडिया से जुड़ी पार्टियां अगर चुनावी लड़ाई से पहले हार नहीं जाना चाहतीं तो उन्हें आपसी विवाद और सार्वजनिक सरफुटौव्वल से बनते नैरेटिव को गंभीरता से लेना होगा।

## प्रद्युम्न की मूर्ति

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** कामदेव के अस्त्र–शस्त्रों के साथ यहां एक गदा और अंकुश जैसा भी कुछ दिखता है। आमतौर पर यह लक्षण भगवान विष्णु का है। इस विषय पर काफी काम कर चुके वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर सक्सेना बताते हैं, 'वृहत्संहिता में भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न को गदा और बाण समेत दर्शाने की परंपरा है। तो एक संभावना हो सकती है कि यह प्रद्युम्न की मूर्ति हो, लेकिन बहुत कम।' वह एक प्राचीन परंपरा के बारे में बताते हैं, जहां गांवों में पंच वीरों की पूजा की जाती थी। इनमें कामदेव, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध भी हैं। यह पूरी कहानी कामदेव से आकर जुड़ती है। भगवान शिव पर काम का बाण चलाने गए कामदेव को भस्म होना पड़ा था। उनके न रहने से सृष्टि में सृजन रुक गया। तब सभी की प्रार्थना पर भगवान शिव ने आशीर्वाद दिया कि द्वापर युग में कामदेव भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के बेटे के रूप में पुनर्जन्म लेंगे। इस रूप में उनका नाम हुआ प्रद्युम्न।

## संपादकीय

### असहमति पर सवाल

मोटे तौर पर चुनाव आयोग का काम शानदार है। मामला तो दूसरे मुद्दों का है, जहां आयुक्त सवाल करते हैं कि असहमति के किसी भी रेकॉर्ड के बिना ब्म्ब का दृष्टिकोण क्यों मान्य होना चाहिए। ऐसे में मुख्य चुनाव आयुक्त की सर्वसम्मति की तलाश पहुंच जाती है एक ग्रे एरिया में। कोई सेवा नियम न होने के कारण ऑफिस को वही करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिसे पूर्व सीईसी अरोड़ा ने एक बार 'चुप्पी की वाक्पटुता' के रूप में वर्णित किया था। सर्वसम्मति से कामकाज के सिद्धांत को विस्तार से बताने के लिए नियम तैयार करने पर विचार किया जा सकता है। शायद उन क्षेत्रों और भूमिकाओं के बारे में विस्तार से बताया जाए, जहां यह सिद्धांत लागू होता है और जहां नहीं। साथ ही आयुक्तों की भूमिका का बेहतर खाका खींचने की जरूरत हो सकती है। शायद खुद चुनाव आयोग द्वारा इस तरह की समीक्षा की जरूरत है, क्योंकि भारत में इलेक्शन पर बहुत कुछ दांव पर लगा होता है।

**तकनीकी रूप से सीईसी अकेले भी चुनाव करा सकते हैं, लेकिन यह घटनाक्रम कुछ गंभीर मुद्दों को उजागर करता है, खासकर जब चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त के बीच मतभेद सामने आ रहे हों।**

# कहां था बहुमत

प्रणब ढल सामंता।।

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने अप्रत्याशित रूप से इस्तीफा दे दिया था। इस इस्तीफे ने आयोग के भीतर सर्वसम्मति से होने वाले कामकाज पर सवाल खड़े कर दिए। वैसे, कुछ बरसों के अंतराल में संस्था के भीतर गंभीर मतभेद सामने आते रहे हैं। इससे उस आयोग को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है, जो कि सब कुछ ठीक होने पर कई उपलब्धियों को अपने हिस्से में डाल सकता है। हालिया मामले में स्थिति इस वजह से भी जटिल हुई क्योंकि चुनाव आयुक्त का एक पद पहले से खाली था। ऐसे में अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद शीर्ष पर केवल मुख्य चुनाव आयुक्त ही बचे रह गए थे। तकनीकी रूप से सीईसी अकेले भी चुनाव करा सकते हैं, लेकिन यह घटनाक्रम कुछ गंभीर मुद्दों को उजागर करता है, खासकर जब चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त के बीच मतभेद सामने आ रहे हों।

अरुण गोयल के इस्तीफा देने से पहले इस बात की पूरी संभावना थी कि 2024 का आम चुनाव सिर्फ उनके और सीईसी राजीव कुमार के नेतृत्व में हो सकता है। तीसरे इलेक्शन कमिश्नर का पद 15 फरवरी से खाली था, लेकिन केंद्र सरकार ने इस पर नियुक्ति में कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई। चुनावी तारीखों के ऐलान का



समय नजदीक आ रहा था। ऐसे में इस बात की उम्मीद बहुत कम थी कि सरकार तीसरे इसी को चुनने के लिए प्रक्रिया शुरू करेगी। लेकिन, क्या होता अगर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद ईसी और सीईसी के अनौपचारिक मतभेद गंभीर असहमति में बदलते? बहुमत तय करने के लिए कोई तीसरा तो होता नहीं और ऐसे में फैसलों पर 1–1 से गतिरोध बन जाता। चुनावी प्रक्रिया पर इसके परिणाम विनाशकारी हो सकते थे।

साल 2019 में भी गंभीर मतभेद देखने को मिले थे। उस समय चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने आदर्श आचार संहिता से संबंधित प्रमुख निर्णयों पर असहमति जताई थी। लेकिन, उस असहमति का चुनावी प्रक्रिया पर असर नहीं पड़ा, क्योंकि तब के सीईसी सुनील अरोड़ा और ईसी सुशील चंद्रा ने बहुमत का विचार रखा था। इसी वजह से तीसरे चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में हुई देरी पर सावधानी से विचार करने की जरूरत थी।

चुनाव आयोग में पारस्परिक टकराव की शुरुआत टीएन शेषन बनाम एमएस गिल से हुई थी। तब गिल ने शिकायत की थी कि चुनाव आयुक्त के रूप में उनकी नियुक्ति के बावजूद उन्हें कोई काम नहीं दिया जा रहा। शेषन ने पीवी नरसिंह राव सरकार के चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के फैसले को चुनौती दी थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था।

फिर 2009 में भी आम चुनाव से ठीक पहले विवाद सामने आया। मुख्य चुनाव आयुक्त एन गोपालस्वामी और चुनाव आयुक्त नवीन चावला के बीच गंभीर आरोपों को लेकर खींचतान हुई। बात यहां तक पहुंच गई कि गोपालस्वामी ने चावला को पद से हटाने की सिफारिश कर दी। यह सिफारिश अस्वीकार हो गई और चावला सीईसी बन गए। एक दशक बाद चुनाव आयोग ने अरोड़ा–लवासा विवाद देखा। और अब अरुण गोयल और राजीव कुमार के बीच रहस्यमय मतभेद उभरे और गोयल ने इस्तीफा दे दिया। चुनाव आयोग को सभी निर्णयों में सर्वसम्मति का प्रयास करना चाहिए। कुछ भूमिकाओं में तीनों कोर्ट की बेंच की तरह काम करते हैं, जहां असहमति हो सकती है।

### सुडोकु नवताल-5179

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सुडोकु नवताल -5178 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### वरिष्ठता का बोलबाला

**मोहन।** चुनाव आयोग में जब असहमति से निपटने की बात आती है, तो वरिष्ठता चलती है। चूंकि आमतौर पर चुनाव आयुक्त पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ही होते हैं, तो सीनियरेटी वाला पहलू स्वाभाविक है। लेकिन, समय–समय पर और विशेष रूप से जब अधिकारी एक ही या आसपास की बैच से होते हैं, तो समानता के पहलू को अधिक सख्ती से लागू किया जाता है। 1995 के टीएन शेषन बनाम भारत संघ के केस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश में इस पर बात है। आदेश में कहा गया है कि, 'अगर मुख्य चुनाव आयुक्त को इस मायने में श्रेष्ठ माना जाता है कि उसका शब्द अंतिम है, तो यह (आयुक्तों को) नॉन–फंक्शनल या सजावटी बना देगा।' मोटे तौर पर चुनाव आयोग के तीन काम हैं। पहला काम है राजनीतिक दलों के बीच विवाद और चुनावी सिंबल वगैरह पर निर्णय लेना होता है। दूसरा काम रेग्युलेटरी है। इसमें नीतिगत मुद्दे आते हैं, जैसे डिजिटलीकरण और मतदाता सूची का डी–डुप्लिकेशन वगैरह। इन कामों में तीनों आयुक्त समान रूप से शामिल हैं।






## क्रू की करोड़ों में कमाई, शैतान ने भी लगाया दम! अब ईदी पर टिका है सारा जोर

बड़े मियां छोटे मियां और मैदान की रिलीज से पहले क्रू और शैतान ने खुद को बखूबी संभाला है। तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन की श्क्रूश ने जहां 13वें दिन एक बार फिर करोड़ों का कारोबार किया है, वहीं अजय देवगन और आर. माधवन की शैतान ने रिलीज के 34वें दिन भी कमाई को बहुत अधिक नुकसान नहीं पहुंचने दिया। दो नई रिलीज के बावजूद, ईद की छुट्टी का फायदा क्रू और शैतान को भी मिलने वाला है। जबकि आगे वीकेंड भी है। ऐसे में कमाई में आगे भी बढ़ोतरी के आसार हैं। क्रू ने बुधवार को 1.60 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। एक दिन पहले इसने 2.15 करोड़ रुपये की कमाई की थी। 13 दिनों में फिल्म का टोटल कलेक्शन अब देश में 63.75 करोड़ रुपये है। जबकि वर्ल्डवाइड इसने 113.75 करोड़ करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपये के करीब है। ऐसे में फिल्म पहले ही अपना बजट निकालकर मुनाफा कमा रही है। दूसरी ओर, अजय देवगन की सुपरहिट फिल्म शैतान ने रिलीज के 34वें दिन 30 लाख रुपये का नेट कलेक्शन किया है। देश में इसकी कुल कमाई अब 144.40 करोड़ रुपये है। जबकि वर्ल्डवाइड इस हॉरर फिल्म ने 204.50 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है।

## अजय देवगन की मैदान को मिल रही तारीफ पर बीएमसीएम से हार रही रेस


अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान आखिरकार ईद के मौके पर रिलीज हो गई है। यह भारतीय फुटबॉल के गोल्डन बॉय कहे जाने वाले सैयद अब्दुल रहीम की बायोपिक है। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से तारीफ तो खूब मिल रही है, लेकिन ओपनिंग डे पर कमाई की रेस में यह बड़े मियां छोटे मियां से पिछड़ गई है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म की तरह ही मैदान की एडवांस बुकिंग भी बेदम रही है। जबकि बुधवार शाम से फिल्म के कुछ पेड प्रीव्यू शोज रखे गए थे, इस कारण भी ओपनिंग डे की कमाई पर असर पड़ना स्वभाविक है। अमित शर्मा के डायरेक्शन में बनी मैदान का बजट 100 करोड़ रुपये है। फिल्म देशभर में करीब 2000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, रिलीज से पहले फिल्म ने महज 1. 11 करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग की है। जबकि गुरुवार को ईद के बावजूद सुबह और दोपहर के शोज में ऑडियंस ऑक्यूपेंसी भी 10–12 प्रतिशत के बीच रही है। हालांकि, शाम और रात के शोज में दर्शकों की संख्या बढ़ने के आसार हैं।

## मेकर्स को निराश कर रही स्वातंत्र्य वीर सावरकर की कमाई




रणदीप हुड्डा के डायरेक्शन में बनी फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर और कुणाल खेमू निर्देशित पहली फिल्म मडगांव एक्सप्रेस की कमाई वैसे तो शुरू से ही सामान्य नजर आ रही है, लेकिन बीच–बीच में वीकेंड पर इसके कलेक्शन ने जोर पकड़ा। हाल ही में फिल्मों ने अच्छा कलेक्शन किया। इसके बाद से फिर नंबर्स नीचे हैं। ईद से 20 दिन पहले रिलीज हुई रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर और कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस कमाई के लिहाज से रफ्तार बहुत तेज तो नहीं रही लेकिन धीरे–धीरे ही सही, दोनों फिल्मों ने अपनी लागत वसूल ली है। फिल्मों की कमाई की रफ्तार अब थमने लगी है। हालांकि, आज ईद पर इन दोनों फिल्मों को भी हॉलीडे का फायदा मिल सकता है। अंग्रेजों के अत्याचार पर बनी फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की कहानी है, जिसमें लीड रोल में खुद रणदीप हुड्डा नजर आ रहे हैं। वहीं कुणाल की श्मडगांव एक्सप्रेसश बचपन के तीन दोस्तों की कहानी है, जिसमें वे गोवा जाना का सपना देखते हैं। हालांकि, फाइनली गोवा जाना उन्हें महंगा पड़ता है। वीर सावरकर की कहानी पर बनी स्वातंत्र्य वीर सावरकर की कमाई अब मेकर्स को निराश करने लगी है।

# 30 साल पहले कंगाल हो गए थे अर्जुन रामपाल



*मध्य प्रदेश के रहने वाले अर्जुन रामपाल का परिवार सैन्य परिवार से ताल्लुक रखता था। पैरेंट्स का सेपरेशन हुआ और वो मां के साथ रहने लगे। इकोनॉमिक्स में ग्रेजुएशन किया और फिर मॉडल बन गए। वो भी सक्सेसफुल। फिर ऐसा क्या हुआ, जो उन्होंने मॉडलिंग छोड़कर एक्टिंग में आने का फैसला किया। साल 1995 के आसपास की बात है, जब वो मनीषा कोइराला संग मोक्ष फिल्म की चंबल में शूटिंग कर रहे थे। वहां भीड़ आई। मनीषा के लिए वो क्रेज देखा और फिर उन्हें खुद को देखकर नफरत होने लगी। बस फैसला कर लिया कि अब एक्टर बनेंगे। लेकिन ये आसान नहीं था। 6 साल लग गए वो फिल्म बनने में। अर्जुन ना इधर के रहे और ना उधर के। इस दौरान दाने–दाने के मोहताज हो गए। किराया भरने के पैसे नहीं होते थे। पर वो अपना पेट काटकर अपने डॉगी को खाना खिलाते थे। इस बुरे वक्त में मकान मालिक ने खूब साथ दिया। एक भरोसा दिखाया। और फिर अर्जुन ने अपनी हाथों की लकीरों को बदल दिया। आइये उनसे ही इस किस्से के बारे में जानते हैं।*

**सक्सेसफुल मॉडल थे अर्जुन पर छोड़ दी मॉडलिंग**

अर्जुन रामपाल ने कहा, मैं बहुत ही सक्सेसफुल मॉडल था। अशोक मेहता मेरे पास मोक्ष फिल्म लेकर आए, जिसमें मेरे साथ शानदार एक्ट्रेस मनीषा कोइराला थीं। वह उस समय अपने करियर के पीक पर थीं। मैं उनके साथ चंबल घाटी में एक सीन की शूटिंग कर रहा था... तभी अचानक भीड़ आई और मैंने खुद



को देखा और मुझे खुद से नफरत होने लगी। मैंने सोचा हे भगवान, आप भयानक हो। इसलिए, मैंने फैसला किया कि मैं अब मॉडलिंग नहीं करूंगा। मुझे नहीं पता था कि फिल्म को बनाने में 6 साल लगेंगे।

**मकान मालिक ने की थी अर्जुन की मदद**

आर्थिक तंगी के दौरानन अर्जुन रामपाल मुंबई के अंधेरी में सेवेन बंगलोज में रहते थे। उनके मकान मालिक सरदार थे और उन्होंने उस बुरे दौर में अर्जुन का काफी मदद की थी। एक्टर ने कहा, उस समय मेरे पास इनकम का कोई सोर्स नहीं था। तब मैं सेवेन बंगलोज (अंधेरी, मुंबई) में रहता था। मेरे मकान मालिक सरदार जी बहुत अच्छे थे। वो हर महीने की पहली तारीख को आते थे। वो मुझे देखते थे और मैं उन्हें। वो कहते थे, नहीं है? (तुम्हारे पास पैसे नहीं हैं)। मैं अपना सिर हिला देता था। वो कहते थे, श्कोई नहीं, तू दे देगा।श वो बहुत प्यारे इंसान थे। आपको लाइफ में इस तरह के ब्रेक की जरूरत होती है।श अर्जुन ने बताया कि इसके बाद उन्होंने एक फिल्म साइन की और भले ही घर बद लिया हो, लेकिन मकान मालिक को किराया देने के लिए फिल्म के प्रीमियर पर इनवाइट किया।

**अर्जुन को क्यों बदलना पड़ा घर?**

अर्जुन ने बताया कि घर बदलना उनकी मजबूरी थी, क्योंकि वो सरदार जी के घर पर रहना अफोर्ड नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा, श्मेरे पास दो डॉग थे। मैं खुद वेज खाना खाता था और डॉग्स नॉनवेज खाते थे। मैं सोचता था कि मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है! लेकिन ऐसा होना जरूरी है, क्योंकि ये आपको दयालु रहना सिखाता है।

**क्रैक मूवी में आए थे नजर**

अर्जुन रामपाल को क्रैक फिल्म में देखा गया, जो इसी साल 23 फरवरी को रिलीज हुई। आदित्य दत्त के डायरेक्शन में बनी इस मूवी में विद्युत जामवाल, नोरा फतेही, एमी जैक्सन भी नजर आए थे।

# मैले–कुचौले कपड़े... बिखरे बाल... प्रियंका चौधरी का हुआ ये हाल!




*बात करते हैं वायरल वीडियो। इस वीडियो में प्रियंका चाहर चौधरी गंदे कपड़ों में नजर आ रही हैं। उनके बाल बिखरे हुए हैं। चेहरे पर भी कालिख–सी पुती हुई है। वो एक होटल के बाहर हैं, जहां कुछ स्टाफ उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इसके पीछे माजरा कुछ और है!*

**गाने में प्रियंका का था ऐसा लुक**

दरअसल, प्रियंका चाहर चौधरी के नए म्यूजिक वीडियो दोस्त बनके... में एक ऐसी लड़की की कहानी दिखाई गई है, जो बॉयफ्रेंड संग रिलेशनशिप में होती है और एक दिन प्रेग्नेंट हो जाती है। जब वो बीएफ को ये बताती है तो वो उसे बच्चा गिराने की दवा खिला देता है। इससे प्रियंका को धक्का लगता है। इसके बाद वो लड़का मैसेज करता है कि दोस्त बनकर रहते हैं। मैसेज देखकर प्रियंका फौरन उससे मिलने के लिए घर से निकलती हैं तो उसे किसी और लड़की के साथ देखकर शॉक्ड रह जाती हैं। इसके ठीक पांच साल बाद वो लड़का अपनी वाइफ के साथ डॉक्टर के क्लीनिक में बैठा मिलता है और उन्हें पता चलता है कि वो कभी पैरेंट्स नहीं बन पाएंगे। दोनों दुखी मन से वापस जा रहे होते हैं, तभी उन्हें एक बच्चा दिखता है, जो कूड़ेदान में खाना खोज रहा होता है। जब लड़का उस बच्चे के पीछे–पीछे जाता है तो वहां दीवार के किनारे प्रियंका बैठी होती हैं, लेकिन बेसुध होकर। साफ पता चलता है कि वो बच्चा इन दोनों का है, क्योंकि प्रियंका ने उस दिन दवा खाने के बाद उल्टी कर दी थी। प्रियंका को इस हाल में देखकर और अपने बेटे के बारे में जानकर उस लड़के को बहुत अफसोस होता है।

**उसी हाल में होटल पहुंचने के पीछे वजह!**

प्रियंका इस गाने में जिस लुक में थीं, वो उसी फटेहाल वाले लुक में इस वायरल वीडियो में नजर आ रही हैं, जिसमें होटल स्टाफ उन्हें रोक रहा है। हालांकि, यूजर्स ने इसपर अलग–अलग रिएक्शन दिए हैं। कुछ का कहना है कि ये प्रमोशन का एक तरीका है, जोकि पूनम पांडे जैसा ही है। कोई बोल रहा है कि प्रियंका शूटिंग के बाद इसी हाल में होटल चली गई होंगी, जहां कोई उन्हें पहचान नहीं सका। कुछ लोग उनके गाने की तारीफ भी कर रहे हैं।

**दोस्त बनके... गाने में प्रियंका के साथ गुरनजर**

दोस्त बनके गाने में गुरनजर भी नजर आए हैं। प्रियंका और उनके अलावा Akaisha Vats भी हैं। सुमैल चाइल्ड आर्टिस्ट हैं। म्यूजिक गौरव देव और कार्तिक देव का है। इसके बोल भी गुरनजर ने लिखे हैं।

# नेगेटिव सोच और डर से खराब हो सकता है शरीर का ये बड़ा अंग



*तनाव होने पर कई लक्षण दिखाई दे सकते हैं, जो इंसान के शारीरिक, मानसिक और इमोशनल स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए समय रहते इसके लक्षणों को समझना और ध्यान देना, दोनों ही जरूरी है।*

आज के समय में बच्चों से लेकर बड़ों तक में किसी न किसी बात का तनाव देखा रहा है। वैसे तो तनाव होना आम है, लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए कई गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। हम यह भी कह सकते हैं कि तनाव किसी इंसान के जीवन की वह भावना है, जिसे वो इमोशनली हैंडल नहीं कर पाता है और दिमागी रूप से परेशान रहता है। यह समस्याएं पैसे, काम या पढ़ाई किसी भी चीज को लेकर हो सकती है। बहुत अधिक स्ट्रेस की स्थिति में यह किसी व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को कमजोर कर सकता है। आइए, जानते है कि तनाव होने पर किस तरह के लक्षण नजर आते हैं।

**इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है**

अगर आप लंबे समय से स्ट्रेस ले रहे है, तो लगातार तनाव से आपकी इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है और आप सामान्य सर्दी और फ्लू से अधिक प्रभावित होते हैं। स्ट्रेस हार्मोन इम्यून सिस्टम को कमजोर करते हैं और जल्दी प्रतिक्रिया देने की क्षमता को भी कम करते हैं।

**अधिक थकान और दर्द होना**

तनाव के कारण शारीरिक लक्षणों में थकावट भी शामिल है। तनाव का शिकार मरीज थोड़े से ही काम में बहुत अधिक थक जाता है। इसके अलावा इसमें सिरदर्द, पेट दर्द और मांसपेशियों में दर्द की समस्या भी हो सकती है।

**दिल पर पड़ेगा सीधा असर**

स्ट्रेस के दौरान जब आपकी ह्रदय गति बढ़ जाती है, तो कोशिकाओं को सक्रिय बनाए रखने के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है। ऐसे में शरीर के माध्यम से ज्यादा ब्लड पंप किया जाता है। जिस कारण स्ट्रोक या हाई ब्लड प्रेशर की समस्या का खतरा बढ़ सकता है। लगातार तनाव बने रहने पर आपको डॉक्टर से मिलना चाहिए।

**मानसिक समस्याएं**

तनाव और चिंता के कारण व्यक्ति में भावनात्मक कमजोरी का अनुभव हो सकता है, जो अक्सर डिप्रेशन की ओर ले जाता है। तनाव के शिकार व्यक्ति में अधिक चिंता की भावना दिखने लगती है और वह भावनात्मक रूप से कमजोर हो जाता है। जिसके कारण वो डिप्रेशन में जा सकता है।




## विटामिन बी 12 की फैक्ट्री है ये चीज, शरीर को मिलेगी 35 गुना ताकत

विटामिन बी 12 को कोबालामीन के नाम से भी जाना जाता है। यह पोषक तत्व शरीर के कई कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह स्वास्थ्य के लिए इतना जरूरी है कि इसकी कमी से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। अगर आपको अक्सर थकान और कमजोरी रहती या दिमाग सही तरह काम नहीं करता है, तो इसका मतलब है कि आपके शरीर में इस पोषक तत्व की कमी हो गई है। इसकी कमी मांसपेशियों से लेकर हड्डियों तक हर अंग को प्रभावित कर सकती है। प्रोटीन के बाद विटामिन बी12 ही एक ऐसा पोषक तत्व है, जो शरीर के विकास के लिए सबसे जरूरी है। विटामिन बी12 कई वेज और नॉन वेज फूड्स में पाया जाता है। एक रिपोर्ट के आधार पर हम आपको बता रहे हैं कि सबसे ज्यादा यानी विटामिन बी12 से भरपूर नबर एक वन फूड कौन सा है। विटामिन बी 12 विटामिन बी कॉम्प्लेक्स का एक हिस्सा है, जो आठ आवश्यक विटामिनों का समूह है। ये विटामिन शरीर के विभिन्न कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विटामिन ठ12 प्राकृतिक रूप से कुछ खाद्य पदार्थों में पाया जाता है, और इसे सप्लीमेंट के रूप में भी लिया जा सकता है। विटामिन बी 12 लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो शरीर में ऑक्सीजन ले जाने का काम करती हैं। विटामिन बी 12 की कमी से लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो सकती है, जिसे एनीमिया कहते हैं। यह तंत्रिका तंत्र के स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है।

## इन तरीकों से करेंगी त्वचा की देखभाल तो खिल उठेगा चेहरा

मौसम बदलते रहते हैं लेकिन हम अपने चेहरे की देखभाल करना नहीं भूलते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सही केयर तब होती है जब हम अपना स्किन केयर रूटीन बनाते हैं और उसे सही से फॉलो करते हैं। धूल–मिट्टी और पानी की कमी आपके चेहरे का नूर छीन लेती है, ऐसे में आपको त्वचा को पोषण देना चाहिए। जिसके लिए जरूरी है कि आप अपने रूटीन में घरेलू चीजों को शामिल करें।

हर किसी की अलग स्किन होती हैं, ऐसे में अपनी स्किन टाइप के अनुसार ही तेल चुनें और अपने चेहरे की मसाज करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद मिलती है। एसेंशियल ऑयल्स में तमाम मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा को लाभ पहुंचाते हैं। इससे आपकी स्किन ग्लो भी करेगी और ग्लास जैसी शाइन भी देगी। अगर आपका चेहरा डल हो गया है और पोर्स ज्यादा बड़े नजर आने लगे हैं, तो उनकी अपीयरेंस को कम करने के लिए कोल्ड कंप्रेस किया जा सकता है। ब्लड प्रेशर बढ़ाने और स्किन को चमकदार बनाने के लिए ये बहुत ही लाभकारी हो सकता है।

# किडनी को डैमेज कर सकती हैं ये आदतें, फिर मत कहना बताया नहीं

*आपका खानपान, आपकी आदतें और आपकी लाइफस्टाइल ये सभी चीजें आपके स्वास्थ्य पर बहुत गहरा असर डालती हैं। हमारी छोटी–छोटी आदतें किडनी के लिए बुरी आदतें बन सकती है और उन्हें डैमेज की कंडीशन तक पहुंचा सकती हैं। यह रेड ब्लड सेल्स का निर्माण करती है और ब्लड प्रेशर को रेगुलेट करती है, साथ ही डिटॉक्सिफिकेशन करती है। किडनी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें कुछ आदतों से दूर रहना चाहिए। किडनी को नुकसान पहुंचाने वाली कुछ आदतों को बदलकर आप अपनी किडनी की सेहत को बढ़ा सकते हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं।*

**क्रोनिक सिटिंग**

बिना ब्रेक लिए लगातार लंबे समय तक बैठना भी किडनी प्रॉब्लम के रिस्क को बढ़ा सकता है। ब्लड प्रेशर और ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म को नॉर्मल करने में रेगुलर फिजिकल एक्टिविटी मदद करती हैं। ये दोनों ही किडनी हेल्थ को मेंटेन रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अगर आप 8 घंटे से ज्यादा चेयर पर बैठकर काम करते हैं तो बीच–बीच में ब्रेक लेना भी बहुत जरूरी है।





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**ज्यादा नमक के सेवन से बचें**

किडनी के लिए बुरी आदतें में अधिक नमक का सेवन भी शामिल है। ज्यादा नमक का उपयोग ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है, जो किडनी डैमेज का कारण बन सकता है। खाने में कम नमक का सेवन करें। नेशनल किडनी फाउंडेशन के मुताबिक ज्यादा नमक खाना किडनी का मरीज बना सकता है।

**कम पानी पीना**

पानी को पर्याप्त मात्रा में न पीना किडनी के लिए हानिकारक हो सकता है। पानी की कमी से यूरिन में समस्याएं हो सकती हैं और इससे किडनी के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। साथ ही डिहाइड्रेट करने वाली चीजों का सेवन भी कम करें।

**नींद की कमी**

एक अच्छी नींद और आराम आपकी हेल्थ और किडनी की हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है। स्लीप वेक साइकल के द्वारा किडनी फंक्शन्स नियंत्रित होते हैं जो किडनी के 24 घंटे के काम को करने में मदद करता है। इसलिए अच्छी नींद से समझौता ना करें।

**यूरिन को रोककर रखना**

कई लोग यूरिन को रोकर रखते हैं, अगर आप अक्सर पेशाब का प्रेशर रोककर रखते हैं और लंबे समय तक यूरिन ब्लैडर में रहता है तो यह किडनी इंफेक्शन और यूरिनरी इनकॉन्टिनेंस का कारण बन सकता है।

## सुबह पूरे शरीर को करना है साफ तो करें ये काम, इससे ज्यादा ना पीएं तेल–घी





चाय या कॉफी से अगर सुबह की शुरुआत हो तो दिन बन जाता है, ऐसा ज्यादातर लोग सोचते हैं। हकीकत यह है कि यह दिन सिर्फ जीभ और मन के लिए बनता है न कि हमारे पाचन तंत्र के लिए। सुबह खाली पेट चाय लेते ही पेट एसिडिक होने लगता है। कई लोगों को तो चाय की वजह से एसिड रिफ्लक्स (पेट में गैस आदि की वजह से डकार, हिचकी, खांसी) शुरू हो जाता है। फिर दिन सही नहीं जाता। सुबह सबसे पहले शरीर को डिटॉक्स (शरीर की सफाई का तरीका) करने की कोशिश करें। हानिकारक चीजों को बाहर निकालने का एक बड़ा ही आसान तरीका है डिटॉक्सिफिकेशन। अक्सर इसे भूल जाते हैं। सुबह खाली पेट एक गिलास सामान्य पानी या एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पी लें। शरीर को शुद्ध करने के लिए पानी एक बहुत ही बेहतरीन पेय है। अगर ज्यादा फायदा चाहिए तो रात में किसी शीशे के जार में 2 लीटर पानी में 2 नींबू को छिलके समेत काटकर डाल दें। साथ में खीरा भी डाल सकते हैं। सुबह छान लें। फिर इसे दिनभर पीते रहें। इससे शरीर दिनभर डिटॉक्स होता रहेगा। वैसे सुबह खाली पेट सलाद खाने से भी शरीर डिटॉक्स होता है। इनमें 90 फीसदी से ज्यादा पानी और फाइबर होता है। इसे भी समझें कि सुबह खाली पेट ग्रीन टी या लेमन टी आदि को भी खाली पेट लेने से बचना चाहिए।




हार्दिक की हूटिंग से रोका

एमआई और आरसीबी के बीच मुकाबले में एक और शानदार पल देखने को मिला जब विराट कोहली ने वानखेड़े स्टेडियम पर मौजूद दर्शकों से हार्दिक पांड्या की हूटिंग के बजाय तारीफ करने को कहा। हार्दिक पांड्या जब बल्लेबाजी करने उतरे तब दर्शकों ने उनकी जोरदार हूटिंग की। विराट कोहली को यह बात अच्छी नहीं लगी और उन्होंने दर्शकों की तरफ इशारा करके मुंबई इंडियंस के कप्तान की तारीफ करने की अपील की। विराट कोहली की खेल भावना की जमकर तारीफ हो रही है।

# कोहली ने कान पकड़कर फैंस से मांगी माफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अगर मैदान में हैं तो माहौल जमे रहना तय है। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच हाई स्कोरिंग मुकाबला खेला गया। लीग के 25वें मैच में मुंबई इंडियंस ने एकतरफा अंदाज में आरसीबी को 27 गेंदें शेष रहते सात विकेट से पटखनी दी। इस मुकाबले में खूब चौके-छक्के की बरसात देखने को मिल रही थी, तो दूसरी तरफ दर्शकों और विराट कोहली के बीच मजेदार बातचीत का दौर देखने को मिल रहा था। ऐसा ही एक नजारा बीच मैच में देखने को मिला जब वानखेड़े स्टेडियम पर मौजूद दर्शक नारे लगाने लगे- कोहली को बॉलिंग दो...कोहली को बॉलिंग दो...। उस समय विराट कोहली दौड़कर बाउंड्री लाइन की तरफ आ रहे थे। यह नारे सुनकर कोहली हंस दिए और कान पकड़कर माफी मांगने लगे कि ऐसा मत करो। विराट कोहली का दर्शकों से माफी मांगने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया है। बता दें कि आरसीबी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 6 गेंदबाजों का उपयोग किया और सभी की इकोनॉमी 10 के ऊपर की रही। विराट कोहली भी गेंद को स्टैंड्स में जाते देखने के साक्षी बने हुए थे।

# आ गया हूं, अब मैं डराऊंगा और पीटूंगा भी

**क्रिकेट**

## सूर्यकुमार यादव की एंट्री से दहल गई आरसीबी, यूं मार-मारकर बनाया भुर्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। टी20 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव दिसंबर में चोटिल हो गए थे। पैर की चोट ठीक होने से पहले उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया का पता था। इसकी सर्जरी हुई और वह करीब 4 महीने तक क्रिकेट के मैदान से दूर रहे। आईपीएल के तीन मैच मिस करने के बाद वह चौथे में मैदान पर उतरी। सिर्फ दो गेंद पर बिना खाता खोले सूर्या का वापस लौटना पड़ा लेकिन आरसीबी के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने धमाका मचा दिया।





सूर्यकुमार यादव ने रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैदान पर आते ही गेंदबाजों की कुटाई शुरू कर दी। अपने शुरुआती 4 गेंद पर उन्होंने 4 रन बनाए थे। लेकिन फिर आकाश दीप को एक ही ओवर में 24 रन ठोक दिए। इंग्लैंड सीरीज में भारत के लिए टेस्ट डेब्यू करने वाले आकाश दीप को सूर्या ने पहली गेंद पर चौका मारा। दूसरी गेंद डॉट खेलने के बाद तीसरी पर उन्होंने छक्का मार दिया। चौथी गेंद पर दो रन लिया। इसके बाद आखिरी दो गेंदों को भी छक्के के लिए बाउंड्री के बाहर भेजा।

सूर्यकुमार यादव सिर्फ आकाश दीप को कुटाई करने के बाद नहीं रुके। एक ओवर बाद ही रीस टॉपले के खिलाफ 18 रन ठोक दिए। इस ओवर में उन्होंने तीन चौके और एक छक्का मारा। इसी ओवर में सूर्या ने अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। उन्होंने 17 गेंदबाजों को अर्धशतक लगाया और आईपीएल में यह उनकी सबसे तेज फिफ्टी है। 19 गेंदों पर 5 चौके और 4 छक्कों की मदद से वह 52 रन बनाकर आउट हुए।

जून में टी20 वर्ल्ड कप होना है। सूर्यकुमार यादव उसमें भारतीय टीम का अभिन्न अंग होने वाले हैं। सूर्या टी20 रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज हैं। इंजरी होने से पहले उन्होंने अपनी आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच में शतक ठोका था। 56 गेंदों पर सूर्या ने 106 रन बनाए थे। 60 टी20 इंटरनेशनल मैच में सूर्या के 7 शतक और 17 फिफ्टी हैं।

# विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की जताई आशंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ उनके सहयोगी स्टाफ को मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलिंपिक खेलने से रोकना चाहता है जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद उसने आवेदन किया था। विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई। 29 वर्ष की विनेश ने 2019 और 2022 विश्व चौम्पियनशिप में 53 किलो में कांस्य और 2018 एशियाई खेलों में 50 किलो में स्वर्ण पदक जीता था। वह अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वॉलिफाइंग टूर्नामेंट के जरिए 50 किलो में ओलिंपिक कोटा हासिल करना चाहती हैं।

■ संगीन आरोप पर रेसलिंग फेडरेशन का जवाब भी आया

पटियाला में चयन ट्रायल में उन्होंने 53 किलो में भी भाग लिया था लेकिन सेमीफाइनल में हार गई थी। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि कोच और फिजियो को मान्यता पत्र जारी करने के लिए विनेश का ईमेल 18 मार्च को मिला लेकिन तब तक युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग को खिलाड़ियों, कोचों और मेडिकल स्टाफ की सूची भेजी जा चुकी थी। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 11 मार्च थी। एक अधिकारी ने कहा कि महासंघ ने 15 मार्च को प्रविष्टियां भेजी क्योंकि यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने उसके अनुरोध पर कुछ दिन की रियायत दी थी। यह रियायत इसलिए मांगी गई थी क्योंकि समय सीमा खत्म होने के आखिरी दिन ही ट्रायल पूरे हुए थे।

विनेश ने एक्स पर लंबी पोस्ट में लिखा, 'बृजभूषण और उसके द्वारा बिठाया गया डमी संजय सिंह हर तरीके से प्रयास कर रहे हैं कि कैसे मुझे ओलिंपिक में खेलने से रोका जा सके। जो टीम के साथ कोच लगाए गए हैं, वे सभी बृजभूषण और उसकी टीम के चहेते हैं तो इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि वो मेरे मैच के दौरान मेरे पानी में कुछ मिला कर पिला दें।' उन्होंने कहा, 'अगर मैं ऐसा कहूं कि मुझे डोप में फंसाने की साजिश हो सकती है तो गलत नहीं होगा। हमें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही। इतनी महत्वपूर्ण स्पर्धा से पहले हमारे साथ ऐसे मानसिक उत्पीड़न कहां तक जायज है।

## टी20 वर्ल्ड कप खेलेगा... रोहित ने उड़ाया मजाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के 25वें मैच में मुंबई इंडियंस का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हुआ। मुंबई ने बेंगलुरु को 7 विकेट से मात दी। इस मैच में कुल पांच अर्धशतक लगे। तीन आरसीबी के बल्लेबाजों ने तो दो मुंबई के बल्लेबाजों ने जड़े। इस मैच में रोहित और दिनेश कार्तिक के बीच मीठी नोकझोंक देखने को भी मिली। दिनेश कार्तिक ने आरसीबी के लिए आखिरी के ओवरों में मुंबई के तेज गेंदबाजों की खूब पिटाई की। आकाश मढ़वाल को अपना निशाना बनाया। पारी के 16वें में आकाश मढ़वाल की पिटाई करते हुए कार्तिक ने चार चौके लगाए। गेराल्ड कोएत्जी और जसप्रीत बुमराह के ओवर में भी सिक्स जड़कर अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाया। कार्तिक की तूफानी बल्लेबाजी देख बीच मैदान रोहित शर्मा ने उन्हें छेड़ दिया। रोहित और दिनेश कार्तिक के बीच मीठी नोकझोंक देखने को मिली।

## न्यूज डायरी



### गेंदबाज जिन्हें पावरप्ले में पड़े हैं सबसे ज्यादा छक्के

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के लिए आईपीएल 2024 बुरे सपने की तरह रहा है। 6 मैच खेलने के बाद सिराज ने सिर्फ 4 विकेट लिए हैं। उन्होंने 10 से ज्यादा की इकोनॉमी से रन खर्च किए हैं। मैच के जिस भी फेज में सिराज ने बॉलिंग की है, बल्लेबाजों ने उनकी कुटाई की है। सिराज पावरप्ले में ही बल्लेबाजों से 6 ओवर में 10 छक्के खा चुके हैं। अब एक आईपीएल सीजन के पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के खाने के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने की कगार पर हैं। आईपीएल 2024 में मोम्मद सिराज ने अभी तक 6 ही मैच खेले हैं। इस दौरान सिर्फ पावरप्ले में ही वह 10 छक्के खा चुके हैं। मोहम्मद शमी ने आईपीएल 2023 में शानदार गेंदबाजी की थी। इसके बाद भी पावरप्ले में उनके खिलाफ काफी रन बने थे। 16 मैचों में शमी ने पावरप्ले की बॉलिंग में 11 छक्के दिए थे। तेज गेंदबाज आवेश खान 2018 में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा थे। तब उन्होंने सिर्फ 6 ही मैच खेले थे लेकिन गेंदबाजों ने उनके खिलाफ 10 से ज्यादा की इकोनॉमी से रन बनाए। आईपीएल 2008 में मनप्रीत सिंह गोनी चेन्नई सुपर किंग्स के प्रमुख गेंदबाज थे। उस सीजन के बाद उन्हें भारत के लिए भी खेलने का मौका मिला था लेकिन असफल रहे। आईपीएल 2023 में सिराज ने अच्छी बॉलिंग की थी लेकिन 2022 में महंगे रहे थे। पावरप्ले में उन्हें 17 छक्के पड़े थे।

### मुंबई इंडियंस ने चार बार कर दिया वो कारनामा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। आईपीएल की शुरुआत 2008 में हुई थी और अभी तक 15 टीमें लीग में हिस्सा ले चुकी हैं। 10 टीमें अभी भी खेल रही हैं जबकि डेक्कन चार्जर्स, कोच्चि टस्कर्स केरला, पुणे वॉरियर्स इंडिया, राइजिंग पुणे सुपरजायंट और गुजरात लायंस को अलग-अलग वजहों से हटा दिया जा चुका है। लेकिन एक ऐसा रिकॉर्ड है जो सिर्फ और सिर्फ मुंबई इंडियंस के नाम है। बाकी 14 टीमें वैसे एक बार भी नहीं कर पाई हैं। मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 196 रनों का लक्ष्य 15.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। रोहित शर्मा और ईशान किशन ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दिलाई। दोनों ने शतकीय साझेदारी बनाई। इसके बाद सूर्यकुमार यादव का भी बल्ला बोला। हार्दिक पंड्या और तिलक वर्मा ने नाबाद रहते हुए टीम को सीजन की दूसरी जीत दिला दी। इसके साथ ही मुंबई ने बड़ा कारनामा भी कर दिया। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल इतिहास में अभी तक चार बार 190 या उससे ज्यादा के लक्ष्य को 17 से कम ओवर में हासिल किया है। पिछले साल आरसीबी के खिलाफ ही इसी मैदान पर मुंबई ने 200 रनों का लक्ष्य 16.3 ओवर में हासिल कर लिया था। 2017 में पंजाब के खिलाफ भी 199 रन मुंबई ने 15.3 ओवर में बना दिए थे। 2014 में राजस्थान के खिलाफ 190 रन मुंबई ने 14.4 ओवर में बनाकर मैच जीता था।

### पहले आकाश अंबानी, फिर नीता अंबानी, विराट कोहली से लंबी बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय क्रिकेट में विराट कोहली एक ऐसा नाम है, जिन्हें पाकिस्तान तक के क्रिकेट फैंस अपनी टीम में खेलते देखना चाहते हैं। रन बरसाने की उनकी क्षमता और किसी भी गेंदबाज के खिलाफ विस्फोट करने के कौशल उन्हें खास बनाती है। वह आईपीएल 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह हालांकि मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में बल्ले से कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन उनका मैदान पर होना ही फैंस के लिए सबसे बड़ा गिफ्ट है। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की हूटिंग को रोकने के लिए उन्होंने खुद फैंस से अपील की तो मैच के बाद वह 5 बार की चौंपियन टीम की मालकिन नीता अंबानी से वह कुछ बातचीत करते नजर आए। इससे पहले वह आकाश अंबानी से मिलते दिखे थे। इस मोमेंट की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जबकि फैंस के बीच कयासों का बाजार गर्म हो गया है। कुछ लोग तो यहां तक उम्मीद कर रहे हैं कि विराट कोहली अगले सीजन यानी आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते नजर आएं। यह तस्वीर इसलिए भी खास है, क्योंकि मैच से ठीक पहले रोहित शर्मा और टीम के मालिक आकाश अंबानी एक कार में दिखे थे। इस फोटो के बाद कयासों का बाजार गर्म हो गया है।

एफआरआई परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सचिवालय बैडमिंटन प्रतियोगिता 18 से

**संवाददाता** देहरादून। सचिवालय बैडमिंटन क्लब की ओर से अंतरविभागीय प्राइज मनी बैडमिंटन प्रतियोगिता 18 मई से कराई जाएगी। क्लब की ओर से शुक्रवार को इस संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। सचिवालय बैडमिंटन क्लब के महासचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में राजकीय सेवा में कार्यरत कर्मचारी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित की जाएगी। पहले आओ पहले पाओ के तहत प्रतियोगिता में 32 टीमें हिस्सा लेंगी। परेड ग्राउंड के मल्टीपरपज हॉल में मैच खेले जाएंगे। बैठक में क्लब के उपाध्यक्ष महावीर सिंह चौहान, संयुक्त सचिव जेपी मैखुरी, संजय जोशी, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### देवी भगवती के चौथे स्वरुप मां कुष्मांडा की हुई विशेष पूजा

**संवाददाता** देहरादून। पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में मां भगवती के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा देवी की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर आचार्य विक्रम ने श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। आचार्य विप्र ने कहा कि हम जगत जननी मां की तो पूजा अर्चना करते हैं, लेकिन जब तक हम जन्म–जननी मां की पूजा अर्चना अर्थात मां का आदर सत्कार नहीं करेंगे, तब तक देवी मां भी प्रसन्न नहीं होगी। सर्वप्रथम मां भगवती के रूप में साक्षात जन्म जननी मां का आदर सत्कार करें तभी हमारी पूजा सार्थक होगी।

### पोलिंग बूथ में बिस्तर का कम किराया देने पर भड़के लेखपाल

**संवाददाता** देहरादून। लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टियों के लिए बिस्तर का इंतजाम किए जाने की व्यवस्था और तय किए गए बजट का उत्तराखंड लेखपाल संघ ने विरोध किया। निर्वाचन विभाग के आदेश में दी गई व्यवस्था का तीखा विरोध करते हुए बहिष्कार की चेतावनी दी। प्रति पोलिंग बूथ अग्रिम भुगतान को सिर्फ 500 रुपए दिए जाने का विरोध किया। उत्तराखंड लेखपाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष हुकमचंद पाल ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से आदेश किए गए हैं। 500 रुपये में आठ बिस्तर की व्यवस्था नहीं हो सकती है।

### आईसीआईसीआई बैंक ने दून में खोली एक नई शाखा

**संवाददाता** देहरादून। आईसीआईसीआई बैंक ने देहरादून में जीएमएस रोड पर अपनी नई शाखा स्थापित की है, जो जिले में इसकी 20वीं शाखा है। लक्ष्मी टावर्स में स्थित यह शाखा ग्राहकों को नकद जमा और निकासी सेवाएं प्रदान करने के लिए सीआरएम से सुसज्जित है। स्वामी राम हिमालयन यूनिवर्सिटी, देहरादून के कुलपति और सदस्य सचिव डॉ. राजेंद्र डोभाल ने शाखा का उद्घाटन किया। बैंक की इस शाखा में खातों की एक व्यापक सीरीज प्रदान की जाती है।

# अब कांग्रेस में पहाड़ चढ़ने की ताकत नहीं बची

**प्रचार**

- लोहाघाट और काशीपुर में गरजे राजनाथ सिंह, कांग्रेस की खोली पोल
- 14 अप्रैल को तीन जनसभाएं करेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

**संवाददाता**

देहरादून। लोकसभा चुनाव के प्रचार को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लोहाघाट पहुंचे। राजनाथ सिंह यहां चुनावी जनसभा को संबोधित किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कांग्रेस के मंत्रियों को जेल की हवा खानी पड़ी, भाजपा से कोई जेल नहीं गया।

बता दें कि, लोहाघाट और काशीपुर से पहले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गौचर (गढ़वाल लोकसभा सीट) में बीजेपी के प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में जनसभा की। जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं आप सभी को बस एक बात याद दिलाना चाहता हूं, मैं कभी भी किसी भी पीएम की आलोचना नहीं करता, चाहे वह कांग्रेस का हो या किसी अन्य पार्टी का।



रक्षा मंत्री ने कहा कि एक बार बहुत ईमानदारी से राजीव गांधी ने इस बात को स्वीकार किया था। उन्होंने 100 पैसे भेजे, लेकिन लोगों तक केवल 14 पैसे ही पहुंच पाए। किसी ने भी उस चुनौती को स्वीकार नहीं किया, लेकिन पहली बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए एक जन धन खाता खोला जाना चाहिए यहां तक कि मैं भी यह नहीं समझ पा रहा था कि प्रधानमंत्री हर किसी के लिए खाता क्यों खोल रहे हैं।

वहीं, गौचर में जनसभा करने के बाद केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लोहाघाट पहुंचे। जहां उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी अजय टम्टा के पक्ष में जनसभा की। इसके बाद राजनाथ सिंह नैनीताल सीट के प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करने काशीपुर पहुंचे हैं।

उत्तराखंड में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के बाद अब यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रचार मैदान में नजर आएंगे। रविवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देहरादून में जनसभा करेंगे। इससे पहले शनिवार को उनकी हल्द्वानी में जनसभा होगी। योगी 14 अप्रैल को तीन जनसभाएं करेंगे। सबसे पहले वह श्रीनगर गढ़वाल में जनसभा करेंगे।

इसके बाद उनकी रुड़की में जनसभा होगी और फिर शाम को वह देहरादून के बन्नू स्कूल में जनसभा को संबोधित करेंगे। 16 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोटद्वार में रोड शो करेंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 17 अप्रैल को चकराता में जनसभा करेंगे। उनका सहसपुर में भी रोड शो होगा।

# अंकिता पर एक शब्द तक नहीं बोला

**निशाना**

- कांग्रेस के प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने भाजपा पर साधा निशाना

**संवाददाता**

देहरादून। कांग्रेस के टिहरी लोकसभा प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि बेटी बचाओ की बात करने वालों ने ऋषिकेश में रैली की पर अंकिता पर एक शब्द तक नहीं बोला। पूरी भाजपा अंकिता पर मौन है और दावा करती है कि महिलाओं के सम्मान में उन्होंने टिहरी से महिला को टिकट दिया है, जो जीतने के बाद जनता के बीच नहीं आती हैं।



मसूरी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहीं गोदावरी थापली की ओर से पार्टी प्रत्याशी गुनसोला के पक्ष में प्रेमनगर से लगे मिठ्ठीबेहड़ी में जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें गुनसोला ने अग्निवीर से लेकर रोजगार, महिला सुरक्षा और भर्ती घपले की बातें लोगों के बीच रखीं। महानगर अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि चुनाव में भाजपा अग्निवीर से लेकर अंकिता हत्याकांड और भर्ती घपलों पर कोई जवाब नहीं दे रही है, सिर्फ कांग्रेस पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। गोदावरी थापली ने कहा कि भाजपा पिछले वादे आज तक पूरे नहीं कर पाई है। अब दुष्प्रचार के बूते वोट जुटा रहे हैं। जनसभा की अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के सदस्य शिवप्रसाद देवली और राजेंद्र नेगी ने की। कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य निधि, प्रदीप सिद्धू, पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, दीप बोहरा, सुशान्त बोहरा, प्रदीप कुमार, जयप्रकाश राठौर, सुखविन्दर कौर, जगमोहन गुसाईं, छोटेलाल, रजनी देवी, संगीता, सर्वेश कुमारी, कमलेश, रानी देवी, दलीप सिंह नेगी समेत अन्य मौजूद रहे।

शुक्रवार शाम को कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने पार्टी नेताओं और समर्थकों के साथ कुम्हार चौक से चुक्खूवाला होते हुए इंदिरा कॉलोनी तक पदयात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने घर–घर लोगों से मुलाकात की।




### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

देहरादून। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में मतदान प्रतिशत् बढाने हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड एवं जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी श्रीमती सोनिका के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। उक्त के क्रम में शुक्रवार को एफआरआई परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप झरना कमठान ने मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपस्थित समस्त एफआरआई अधिकारियों कर्मचारियों से न केवल स्वयं अपितु अपने परिवार सहित आस पास के समस्त मतदताओं को जागरूक कर मतदान हेतु बूथ तक साथ ले जाने की अपील की गई तथा सभी को मतदाता शपथ दिलवाई गई। जिला विकास अधिकारीध्सहा0 नोडल अधिकारी स्वीप ने भी उपस्थित सभी से मतदान की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रोबेशनरी आईएएस गौरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार, सहायक नोडल स्वीप, आशीष कठैत जिला प्रबंधक जल जीवन मिशन, इत्यादि उपस्थित रहे।

### क्विज कंपटीशन में रॉबिन जॉन रहे प्रथम विजेता

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित फेसबुक क्विज कंपटीशन के विजेताओं के नाम की घोषणा कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कंप्यूटर के माध्यम से लकी ड्रा निकाले। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान एवं निर्वाचन के प्रति जन सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई अनूठी पहल के क्रम में सोशल मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक" में दिनांक 03 अप्रैल, 2024 से मतदाता जनजागरूकता हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय पुरस्कार 2000 और तृतीय पुरस्कार 1000 तय किया गया था। प्रतियोगिता में दिनांक 03 अप्रैल से 09 अप्रैल 2024 तक प्रतिभागियों ने 2700 कमेन्ट किये। सही पाए जाने वाले 1709 उत्तर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा लकी ड्रॉ के माध्यम से तीन विजेताओं का नाम चयनित किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।